| | BCM SCHOOL,BASANT AVENUE,DUGRI ROAD,LUDHIANA<br>SUBJECT-HINDI<br>ASSIGNMENT-2<br>M.M.25 CLASS-IV |
|---|---|
| | **भाग-क** |
| I | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुने। 5**<br><br>एक दिन रोहन अपने पिता के साथ बाज़ार जा रहा था। रास्ते में उसने देखा कि एक बूढ़ा व्यक्ति भारी थैला उठाकर धीरे-धीरे चल रहा है। रोहन ने तुरंत उसकी मदद की और थैला कुछ दूर तक उठाकर उसके घर पहुँचा दिया। बूढ़े व्यक्ति ने रोहन को धन्यवाद दिया। रोहन मुस्कुराते हुए बोला, "किसी की मदद करने से हमें खुशी मिलती है।" पिता ने भी रोहन की प्रशंसा की और कहा कि दूसरों की सहायता करना अच्छी आदत है।<br><br>**1. रोहन ने बूढ़े व्यक्ति की मदद क्यों की?**<br>(क) उसे पुरस्कार चाहिए था।<br>(ख) वह बूढ़े व्यक्ति की परेशानी समझ गया था।<br>(ग) उसके पिता ने उसे आदेश दिया था।<br>(घ) उसे बाजार नहीं जाना था।<br>**2. यदि रोहन बूढ़े व्यक्ति की मदद न करता, तो क्या हो सकता था?**<br>(क) बूढ़े व्यक्ति को थैला उठाने में कठिनाई होती।<br>(ख) बूढ़ा व्यक्ति बाजार चला जाता।<br>(ग) रोहन को पुरस्कार मिलता।<br>(घ) उसके पिता खुश होते।<br>**3. रोहन के व्यवहार से उसके किस गुण का पता चलता है?**<br>(क) आलस्य<br>(ख) स्वार्थ<br>(ग) सहयोग और दयालुता<br>(घ) क्रोध |

| | |
|---|---|
| | **4. गद्यांश से कौन-सा संदेश मिलता है?**<br>(क) हमेशा दूसरों से अपनी मदद करवानी चाहिए।<br>(ख) जरूरतमंद की सहायता करना अच्छी आदत है।<br>(ग) बाजार अकेले नहीं जाना चाहिए।<br>(घ) भारी सामान नहीं खरीदना चाहिए।<br>**5. "किसी की मदद करने से हमें खुशी मिलती है।" इस कथन का सही अर्थ क्या है?**<br>(क) मदद करने पर हमेशा इनाम मिलता है।<br>(ख) दूसरों की सहायता करके मन को संतोष मिलता है।<br>(ग) मदद करने से हमारा काम आसान हो जाता है।<br>(घ) मदद केवल बड़ों की करनी चाहिए। |
| **II** | **व्याकरण (बहुविकल्पीय प्रश्न)**<br><br>**प्रश्न.1 निम्नलिखित में से कौन -सा मौखिक भाषा का उदाहरण नहीं है? 1**<br>क. फोन सुनना  ख. गाना गुनगुनाना  ग. पत्र लिखना  घ. प्रश्न पूछना<br>**प्रश्न .2 हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी है? 1**<br>क.बारह   ख.ग्यारह  ग.दस  घ.आठ<br>**प्रश्न.3 निम्नलिखित में से  वाक्य का प्रकार है –1**<br><br>रीमा गाना नहीं जाएगी।<br>1. विधान वाचक  ख. आज्ञार्थक  ग. निषेधवाचक  घ. प्रश्नवाचक |
| **III** | **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें-**<br><br>**1. उचित विराम चिह्न लगाओ-1**<br>क. शाबाश तुमने बहुत अच्छा किया<br>**2. वाक्य को शुद्ध करके दोबारा लिखो-1**<br>क. बाज़ार से सब्ज़ी रोहन लाया।<br>**3. मुहावरे का अर्थ लिखो-1** |

| | |
|---|---|
| | 1. लाल पीला होना- |
| IV | **निम्नलिखित पठित पद्यांश (काव्यांश) को पढ़कर सही उत्तर चुने-4**<br>सबसे पहले मेरे घर का अंडे जैसा था आकर<br>तब मैं यही समझती थी<br>बस इतना सा ही है संसार ।<br>फिर मेरा घर बना घोंसला<br>सुख तिनको से तैयार<br>तब मैं यही समझती थी<br>बस इतना सा ही है संसार।<br>**1. शुरुआत में चिड़िया को संसार छोटा क्यों लगता था?**<br>(क) घर छोटा था<br>(ख) संसार की जानकारी कम थी<br>(ग) बाहर बहुत भीड़ थी<br>(घ) घर दूर था<br>**2. घोंसला बनाने के लिए चिड़िया ने किसका उपयोग किया गया?**<br>(क) पत्थरों का<br>(ख) कपड़ों का<br>(ग) सूखे तिनकों का<br>(घ) लकड़ियों का<br>**3. घोंसला तैयार होने के बाद रहने की जगह कैसी हो गई?**<br>(क) सुरक्षित और सुंदर<br>(ख) बहुत दूर<br>(ग) बहुत भारी<br>(घ) खाली<br>**4. "बस इतना-सा ही है संसार" पंक्ति से क्या पता चलता है?**<br>(क) दुनिया बहुत छोटी है<br>(ख) दुनिया के बारे में जानकारी अभी कम है<br>(ग) घोंसला बहुत बड़ा है |

| | |
|---|---|
| | (घ) घर टूट गया है |
| V | **दीर्घ प्रश्न उत्तर-2**<br><br>प्रश्न.1 राजा ने एक को छोड़कर अन्य सभी दरबारी को नकली हीरे क्यों दिए अपने उत्तर का कारण भी लिखिए? |
| VI | - लघु प्रश्न उत्तर 2<br><br>प्रश्न.1 घोंघा बगीचे से बाहर क्यों जाना चाहता था?<br><br>प्रश्न.2 किस जानवर को लगा कि आसमान गिर रहा है? |
| VII | **मूल्य परख प्रश्न- 2**<br><br>प्रश्न.1 यदि आप जयपुर जाएँ, तो वहाँ की कौन सी चीज़ देखना चाहेंगे? और क्यों? |
| VIII | **किसने किससे कहा-1**<br><br>आपने हमारे साथ ऐसा क्यों किया महाराज? |
| IX | **शब्दार्थ लिखो-1**<br><br>1. उपज -<br><br>2. दुर्ग - |
| X | **वाक्य बनाओ-2**<br><br>1. अनुभव-<br><br>2. संसार- |